

## प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ द्वारा प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय 12 से 16 अक्टूबर तक कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. डीएस तोमर उपस्थित रहे।**

इस कृषि सखी प्रशिक्षण के शुभारम्भ कार्यक्रम में भरत राजवंशी, परियोजना संचालक आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार, वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह, हंसनाथ खान, जयपाल छिगारहा एवं सुदीप रावत उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम निवाड़ी जिले की 20 कृषि सखियाँ को दिया जा रहा है, जिसमें 10 पृथ्वीपुर ब्लॉक एवं 10 निवाड़ी ब्लॉक की कृषि सखियाँ हैं। अधिष्ठाता डॉ. डीएस तोमर ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती को ग्रामीण स्तर पर अधिक से अधिक कृषकों के यहां पहुंचने का आह्वान किया। यह मंशा है कि हमारे प्राकृतिक स्त्रोंतो जैसे मिट्टी, जल एवं वायु कृषि में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की लालसा में असंतुलित रूप से कृषकों द्वारा उपयोग किये।

# दीपावली पर्व को लेकर शहर का बाजार सजकर तैयार

**पांच दिवसीय पर्व के चलते लोगों को घरों में हो रहा रंग-रोगन**

**धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में अच्छे व्यापार की आस में व्यापारी**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अगले सप्ताह मनाए जाने वाले दीपावली पर्व की शुरूआत होने जा रही है। इस वर्ष दीप पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है शहर के बाजार त्योहारी सामग्री से सज चुके हैं। क्योंकि कार्तिक अमावस्या पर दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व की शुरूआत धनतेरस के दिन से शुरू हो जाती है। धनतेरस के बाद चतुदशी फिर दीपावली का पर्व इसके अगले दिन गोवर्धन पूजा व उसके बाद भाई दोज का पर्व मनाया जाएगा।**

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व धनतेरस के साथ शुरू हो रहा है। धनतेरस के पूर्व दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को आकर्षक रूप देकर साज सजावट का कार्य कर लिया है ताकि धनतेरस पर्व पर उनकी दुकानों पर ग्राहक शुभ मुहूर्त में आकर सामग्री की खरीददारी करें। व्यापारी अब धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर बाजार में ग्राहकों के उमड़ने की उम्मीद कर रहे हैं और इसी के लिए अपने प्रतिष्ठानों की विशेष सजावट कर कारपेट बिछा दिए हैं।

व्यापारियों ने बताया कि त्योहार के मुकाबले बाजार की स्थिति सामान्य है, परंतु अगले कुछ दिनों में अच्छे व्यापार की उम्मीद है। उन्होंने बाजार में कम ग्राहकी का कारण ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज को बताया। ग्राहकों से अपील की कि वे अपने स्थानीय व्यापारियों से ही सामान खरीदें ताकि स्थानीय बाजारों का समर्थन हो सके।

त्योहारी सीजन में बाजार में कपड़ा, रेडीमेड, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल, मिठाई, किराना और ज्वैलरी की दुकानों पर ग्राहकी उम्मीद से कम देखी जा रही है। ज्वेलरी व्यापारियों का कहना है कि करवाचौथ के बाद अब धनतेरस पर बाजार में तेजी आने की संभावना है। बर्तन व्यापारी पंचम ने बताया कि लोग शुभ मुहूर्त पर अधिक खरीदी करते हैं, इसलिए अगले कुछ दिनों तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ रहेगी।

दो पहिया वाहनों की दुकानों पर इस वर्ष अच्छे व्यापार की संभावना नजर आ रही है। क्योंकि कई उत्पादों पर जीएसटी घटा दी गई है। प्रतिष्ठानों पर वाहन खरीदने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं। यह खरीददार अपने वाहनों को खरीदने में व्यस्त दिखाई दिए और दुकानदार भी वाहनों की खूबियां तथा नए-नए मॉडलों की जानकारियां ग्राहकों को देते हुए दिखाई दिए।

शहर के मुख्य बाजार नजाई सहित अन्य स्थानों पर लोगों के घरेलू मवेशियों को सजाने वाले सामान की दुकानें लगने लगी हैं। दीपावली पर्व के दूसरे दिन मवेशियों को सजाकर पशु पालक गोवर्धन पूजा के लिए सजाते हैं। इन दुकानों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग मोर पंख, रस्सी सहित सजावट का सामान खरीदते नजर आए। दुकानदारों ने बताया कि पिछले साल से सजावट का सामान 20 से 25 प्रतिशत तक महंगा हो गया है।

### मिट्टी की प्रतिमा व दीपक बनाने में जुटे कारीगर

मिट्टी की लक्ष्मी जी की मूर्ति ओर मिट्टी के दीपक का धार्मिक महत्व है। कुम्हारों को उम्मीद है कि इस दीपावली मिट्टी के दीयों से रोशन होंगे घर-आंगन और मिट्टी की लक्ष्मी मूर्ति भी हर घर-घर होगी। लोगों के घर-आंगन मिट्टी के दीये से रोशन होंगे मां लक्ष्मी की मिट्टी की मूर्ति की पूजन होगी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक मिट्टी का दीपक जलाने से मंगल और शनि की कृपा प्राप्त होती है। इसी प्रकार मां लक्ष्मी की मिट्टी की मूर्ति की पूजन करने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती है।

## मोहनगढ़ में दो डॉक्टरों के बीच विवाद



**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। क्षेत्र में वर्षों से जमे झोला छाप चांदसी डॉक्टर एवं दूसरे व्यक्ति जो पेशे से अपने आपको डॉक्टर बताते हैं बीते रोज इन दोनों लोगों के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच करने में जुटी हुई है। चांदसी डॉक्टर ने मोहनगढ़ निवासी अवधेश शुक्ला के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि अवधेश शुक्ला भी पेशे से डॉक्टर है। इस मामले को लेकर पुलिस में शिकायत की गई है।**

मोहनगढ़ निवासी अवधेश शुक्ला ने शिकायत करते हुए बताया कि रविवार की शाम मोहनगढ़ निवासी चादसी डॉक्टर ने उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अवधेश शुक्ला ने बताया कि में रविवार की शाम करीब 7 बजे में किसी निजी कार्य से जा रहा था तभी झोला छाप डॉक्टर अमित राय ने अपने घर के सामने रास्ता रोककर अपने सहयोगियों के साथ हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बताया जा रहा है कि अवधेश शुक्ला भी पेशे से डॉक्टर है। इस मामले को लेकर पुलिस में शिकायत की गई है।

# भागवत कथा का समापन, आज होगा भंडारा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर की सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार रात कथा के दौरान बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीतारामदास महाराज ने श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश दिया। महाराज ने कहा कि जब जिले के अधिकारी उनसे मिलने आते हैं, तो वे अक्सर गंदगी के लिए स्थानीय लोगों को जिम्मेदार ठहराते हैं। उन्होंने इंदौर का उदाहरण दिया, जो स्वच्छता में देश में पहले स्थान पर है, और वहां के लोगों की जागरूकता की सराहना की। सोमवार को कथा का विश्राम किया गया। आज मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।**

कथा में महाराज ने लोगों से अपने घरों में डस्टबिन रखने और कचरा वाहन आने पर ही उसमें कचरा डालने का आग्रह किया, ताकि घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ रह सके। कथा के दौरान महाराज ने महारास का वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों को बुलाया। हालांकि, जब गोपियों में अहंकार आ गया, तो भगवान अदृश्य हो गए। इसके बाद गोपियों ने गोपी गीत गाया। उनकी हृदय की पीड़ा देखकर भगवान कृष्ण पुन: प्रकट हुए और रास लीला संपन्न हुई।

# सेवाओं की गुणवत्ता बनाने कराया अभ्यास

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन के मार्गदर्शन में विकास खण्ड जतारा में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से मैदानी स्तर पर पदस्थ सीएचओ, एएनएम के अर्द्ध दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित साहू के निर्देशन में तथा न्यूट्रेशन इंटरनेशनल के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में किया गया।**

प्रशिक्षण मे सभी गर्भवती माताओं का प्रथम तिमाही में शीघ्र पंजीयन अवश्य करें एवं समस्त गर्भवती और धात्री महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की टैबलेट अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए और समस्त आयुष्मान आरोग्यमंदिर पर उपलब्धता हमेशा रहे। उपस्वास्थ्य केंद्र वार समीक्षा की गई जिसमें रिपोर्ट में हो रही विसंगति की चर्चा की गई और एम सी पी कार्ड पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सीबीएमो द्वारा चर्चा सीएचओ को आयरन सुक्रोज लगाने एवं डोज के बारे में और एफ सीएम इंजेक्शन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन सत्र स्थल पर आवश्यक जांच एवं उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चत करने के संबंध में शासन के निर्देशों के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# धजरई के ग्रामीणों ने लिया शराबबंदी का फैसला



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बल्देवगढ़ मार्ग पर स्थित धजरई गांव में ग्रामीणों ने शराबबंदी का बड़ा फैसला लिया है। छोटी देवी मंदिर में आयोजित एक बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से शराब पीने और बेचने पर प्रतिबंध लगाने का संकल्प लिया। यह निर्णय नशे के कारण परिवारों पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए लिया गया है।**

गांव के लोगों ने बताया कि बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि धजरई गांव को शराब मुक्त रखा जाए। तय किया गया कि शराब पीने वाले पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा, जबकि शराब बनाने या बेचने वाले पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड और सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

नियमों का उल्लंघन करने पर दंड को और सख्त किया गया है। यदि कोई व्यक्ति दोबारा शराब पीते हुए पाया जाता है, तो उस पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। वहीं, दोबारा शराब बनाने या बेचने वाले पर 21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी तय किया कि किसी के निजी खेत या मकान में भी शराब पीने की अनुमति नहीं होगी। इससे पहले, ग्राम पंचायत बूदौर में भी ग्रामीणों ने नरसिंह मंदिर में बैठक कर शराब का सेवन न करने का संकल्प लिया था और शराब बनाने व बेचने वालों पर जुर्माना लगाने का फैसला किया था।

## भावांतर योजना का हो रहा व्यापक प्रचार-प्रसार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में खरीफ 2025 में सोयाबीन खरीदी भावांतर योजना लागू की गई है। इस योजना के लिए पलेरा विकासखंड में भावान्तर भुगतान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार रेली के माध्यम से किया गया।**

इसके लिए किसानों के पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाना निर्धारित किया गया है तथा फसल विक्रय के लिए भावांतर अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। कलेक्टर के परिपालन में संबंधित मातहतों ने पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण कर किसान के पंजीयन कार्य को देखा जा रहा है तथा तकनीकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसीक्रम में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह द्वारा योजना के तहत सोयाबीन फसल पंजीयन केंद्र पलेरा का निरीक्षण किया गया।

# विलुप्तप्राय पौधों को किया जा रहा संरक्षित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुंदेलखंड के विलुप्तप्राय-पौधों का किया जा रहा संरक्षण और संवर्धनन्हाइटेक टिश्यू कल्चर लैब में पत्ती, तना, जड़ों की गांठ से उगा रहे पौधे बुंदेलखंड क्षेत्र की परंपरागत वनस्पति और विलुप्तप्राय औषधीय पौधों के संरक्षण की दिशा में कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ ने एक नई पहल की शुरूआत की है। जिसके चलते राष्ट्रीय कृषि विकास योजना रफ्तार के अंतर्गत महाविद्यालय में हाइटेक टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना की गई है। इस लैब का उद्देश्य है कि क्षेत्र में लुप्त प्राय होती जैव विविधता को बचाना, औषधीय-वानिकी पौधों का संवर्धन करना और स्थानीय किसानों को गुणवत्ता पूर्ण पौध सामग्री उपलब्ध कराना है।**

कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ के प्रमुख अन्वेषक डॉ. योगरंजन ने बताया कि बुंदेलखंड में कई पारंपरिक पौधे जैसे अर्जुन, सर्पगंधा, कालमेघ, अंजन, जीमरिया, खिरनी, मूसली, ब्राह्मी, मंडूकपर्णी, शतावर, सहजन, चंदन, शहतूत, बारहमासी कटहल और करौंदा आदि अब तेजी से विलुप्ति की कगार पर हैं। इन पौधों का न केवल औषधीय, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यधिक महत्व है। इन्हें टिश्यू कल्चर तकनीक के माध्यम से संरक्षित एवं संवर्धित किया जा रहा है, ताकि इनकी प्रजातियां फिर से क्षेत्र में विकसित हो सकें। लैब में पौध उत्पादन की आधुनिक विधियों के माध्यम से पौधों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। तैयार किए गए पौधों को स्थानीय कृषकों के बीच वितरित किया जा रहा है, ताकि वे इन पौधों की खेती को अपनाकर अपनी आय के नए स्रोत विकसित कर सकें। इस लैब का उद्देश्य है कि क्षेत्र में लुप्त प्राय होती जैव विविधता को बचाना व संरक्षित करना है।

# कर्मयोगी अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा सर्वे

**पलेरा के ग्राम बूदौर में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**चयनित 63 ग्राम पंचायतों में स्थापित किए सेवा केन्द्र**




**नवभारत, न्यूज पलेरा। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसमें कलेक्टर विवेक श्रोतीय के निर्देशन एवं जिला संयोजक मुकेश पालीवाल जनजातीय कार्य विभाग के मार्गदर्शन में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विभिन्न सर्वे कार्य किए जा रहे है। जिसके पश्चात कार्ययोजना तैयार होने के साथ ही विशेष ग्राम सभा में अनुमोदित कर तैयार की जा रही। यह आयोजन पलेरा क्षेत्र के ग्राम बूदौर में किया गया।**

मास्टर ट्रेनर संतोष राजपूत जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अन्तर्गत जिले के चयनित 63 ग्राम पंचायतों में 63 आदि सेवा केन्द्र चयनित कर स्थापित किये गये है। जिसमें आदि साथी आदि सहयोगी की प्रविष्टि पोर्टल पर की जा चुकी है। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिसके अंतर्गत जिले के पलेरा विकासखंड की बूदौर ग्राम पंचायत के कोटरा खेरा ग्राम में ग्राम पंचायत सरपंच कलाबती मोतीलाल अहिरवार, सचिव हजारी प्रसाद विश्वकर्मा, रोजगार सहायक जमुना प्रसाद अहिरवार, रामदेवी अहिरवार जनजातीय कार्य विभाग, एवं समस्त विभागों के कर्मचारियों ने अपने विभाग का सर्वे कर ग्राम विकास योजना तैयार की गई है, सर्वे में आश्रम शाला, छात्रावास भवन आंगनबाड़ी भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, माध्यमिक शाला भवन, प्राथमिक शाला भवन, सामुदायिक भवन, अस्पताल, मंदिर या पूजा स्थल, पशु चिकित्सालय, बैंक सुविधा केन्द्र, राशन दुकान, नल जल योजना, हैण्डपम्प, विद्युतीकरण, ट्रान्सफार्मर, उज्जवला योजना, व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक शौचालय, हाट बाजार, पहुंच मार्ग, कच्ची सड़क पक्की सड़क, खेल मैदान, अंतिम संस्कार स्थल, प्रधानमंत्री आवास, आधार कार्ड ई श्रम कार्ड, संबल कार्ड, आयुष्मान योजना, मोबाईल टावर एवं अन्य कार्यों की उपलब्धता का सर्वे किया जा रहा है एवं शासन द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है साथ ही पंचायत सचिव द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और प्रत्येक पात्र लाभार्थी को पात्रता अनुसार लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**बैठक** कलेक्टर ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

# टीएल की बैठक में पीएम धन-धान्य योजना पर किया फोकस



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने पीएम धन धान्य कृषि योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने स्वच्छता विशेष अभियान, पीएम धन-धान्य कृषि योजना, केन बेतवा लिंक परियोजना के भू-अर्जन पर चर्चा, खाद की उपलब्धता, आदि कर्मयोगी अभियान, जिला स्तरीय राजस्व महाअभियान, पीएमएवाई अंगिकार अभियान, भावांतर योजना, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न विभागों के अंतर्गत ई-केवाईसी की प्रगति, सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही, विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने पीएम धन धान्य कृषि योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने स्वच्छता विशेष अभियान, पीएम धन-धान्य कृषि योजना, केन बेतवा लिंक परियोजना के भू-अर्जन पर चर्चा, खाद की उपलब्धता, आदि कर्मयोगी अभियान, जिला स्तरीय राजस्व महाअभियान, पीएमएवाई अंगिकार अभियान, भावांतर योजना, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा की।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अलावा जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लिटोरिया, बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आरएसएस ने मनाया शताब्दी वर्ष



**नवभारत न्यूज पलेरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शताब्दी वर्ष मनाया और शस्त्र पूजन किया। नगर के रामराजा ग्राउंड में ध्वजारोहण कर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी और पथ संचालन किया।**

बताया गया है कि 100 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापन हुई थी। यह संगठन अपने अनुशासन एवं कार्यपद्धति की वजह से आज वट वृक्ष बन गया है। संघ ने अपने शुरुआती समय में उपहास और विरोध झेले, लेकिन अपनी साफ नियत एवं पवित्र उद्देश्य से आज समाज में अपनी पकड़ मजबूत कर चुका है। संघ के कार्य और देशभक्ति पर आज हर नागरिक को अभिमान है। इससे पहले स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में हाथ में दंड लिए कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने बापू और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया। इस मौके पर सुनील खटीक, प्यारेलाल सोनी, राज दमेले, संतोष खरे, महेश सोनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, टीकमगढ़ (म.प्र.)**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुवानी प्रसाद साहू व अन्य तनय गुर्रू प्रसाद साहू निवासी मामौन दवाजा टीकमगढ़ द्वारा नगर टीकमगढ़ के पुराने वार्ड क्र. 02 स्थित ख.नं. 1050, 1076 क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट पर खरीद हक में नामांतरण हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आबादी वर्ष 1939-40 में उक्त ख.नं. 1050, 1076 पर नाम बलवंत सिंह क्षत्री पिता ईसर्शन सिंह क्षत्री निवासी टीकमगढ़ दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि खरीद हक में भुवानी प्रसाद साहू तनय गुर्रू प्रसाद साहू निवासी मामौन दरवाजा टीकमगढ़ से प्राप्त की है उक्त नामांतरण स्वत्वधारी विक्रेता एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 15 दिवस में अपनी आपत्ति न्यायालय नजूल अधिकारी टीकमगढ़ को प्रस्तुत करें। समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

**दिनांक- 10.09.2025**
**स्थान - टीकमगढ़**
**नजूल अधिकारी**
**जिला- टीकमगढ़ (म.प्र.)**